राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन

सुभाष पिमोली



थराली। राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी के भौतिक विज्ञान गणित तथा रसायन विज्ञान के छात्र /छात्राओं के लिए दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर योगेंद्र चंद सिंह ने छात्रों को अपने आशीर्वचन द्वारा प्रेरित किया और छात्र छात्राओं को अन्वेषक प्रवृत्ति का बनने के लिए प्रोत्साहित किया कार्यक्रम का आयोजन भौतिक विज्ञान विभाग तथा गणित विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया और कार्यक्रम का संचालन भौतिक विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ नीतू पांडे द्वारा किया गया कार्यक्रम का का संचालन करते हुए डॉक्टर नीतू पांडे द्वारा छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में विभिन्न विभागों व विभिन्न कार्यक्रम समितियों तथा उनके संयोजको के बारे में विस्तृत जानकारी दी कार्यक्रम के संचालन करते हुए गणित विभाग के विभागाध्यक्ष कुलदीप जोशी द्वारा गणित विषय पर दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी और छात्रों को गणित विषय से जुड़े विभिन्न रोजगार परक क्षेत्रों के बारे में भी बताया गया इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रतिभा आर्य, शंकर राम, रजनीश कमार, अनज कमार, डॉ ललित जोशी, डॉक्टर सुधीर कुमार, डॉ पुष्पा रानी, सुनील कुमार, डॉक्टर सचिन सेमवाल, डॉक्टर जमशेद अंसारी, मोहित कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

https://mail.google.com/mail/u/0/#sent?projector=1